# एमपी के 45 जिलों में बारिश, नदी-नाले उफान पर



भदभदा का एक गेट खोला गया

## विदिशा के लटेरी में 4.2 इंच बारिश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के 45 जिलों में पिछले 24 घंटे के दौरान कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। भोपाल में रातभर हुई बारिश के बाद बड़ा तालाब का जलस्तर बढ़ गया। इसके चलते रात 3 बजे भदभदा का एक गेट खोला गया। इसके बाद कलियासोत डैम के दो गेट भी खोल दिए गए।

विदिशा के लटेरी में सबसे ज्यादा 4.2 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। गुना के कुंभराज में चार इंच और आगर-मालवा के नलखेड़ा में 92 मिलीमीटर यानी 3.7 इंच बारिश हुई। आगर-मालवा के बड़ौद में 2.9 इंच, गुना के राघौगढ़ में 2.8 इंच तथा राजगढ़ के खिलचीपुर और आगर शहर में ढाई इंच बारिश दर्ज की गई। ब्यावरा में लगातार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। अजनार नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा, जिससे क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए।

प्रदेश में अब तक औसतन 33.2 इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल सामान्य बारिश के 89.3 प्रतिशत के बराबर है। मानसूनी सीजन खत्म होने में 11 दिन बाकी हैं। अंतिम सप्ताह में कुछ जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। इंदौर, धार, आलीराजपुर, रायसेन, विदिशा, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, पांढुर्णा, सागर, उज्जैन, रतलाम और शाजापुर में सामान्य बारिश का 80 प्रतिशत पानी भी नहीं गिरा है। वहीं मऊगंज और निवाड़ी में सामान्य कोटे से दोगुनी बारिश हो चुकी है।

# गार्ड पर पिस्टल तानने वालों का सुराग तलाश रही पुलिस

- नादिर कॉलोनी में वारदात के बाद आसपास के कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली
- आरोपितों की आवाजाही का रूट तैयार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री निवास से करीब 200 मीटर दूर नादिर कॉलोनी में सुरक्षा गार्ड पर पिस्टल तानकर धमकाने वाले आरोपितों तक पहुंचने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। कॉलोनी के गेट के अलावा आसपास लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग भी जांची जा रही है। पुलिस के अनुसार जांच में कुछ अहम सुराग मिले हैं और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

17-18 सितंबर की दरमियानी रात करीब 1:30 बजे कार सवार कुछ लोग नादिर कॉलोनी के मुख्य गेट पर पहुंचे थे। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड अश्वनी ने रात में गेट खोलकर अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद कार सवार वहां से चले गए, लेकिन कुछ देर बाद दोबारा लौटे। आरोप है कि इस दौरान कार सवार एक व्यक्ति ने लोडेड पिस्टल निकालकर हवा में लहराई और फिर गार्ड पर तानकर उसे धमकाया। इसके बाद आरोपित वहां से फरार हो गए।

घटना के बाद कॉलोनी एसोसिएशन ने नादिर कॉलोनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गेट पर लगे सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लिए हैं। फुटेज में आरोपितों और उनकी कार की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई हैं। अब आसपास की सड़कों पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग को भी जोड़ा जा रहा है, ताकि आरोपितों के आने और वारदात के बाद भागने का रास्ता पता चल सके।

नादिर कॉलोनी मुख्यमंत्री निवास के अलावा होटल जहांनुमा और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के पास स्थित है। एडिशनल सीपी शैलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की आवाजाही का रूट तैयार किया जा रहा है।

# गहोई समाज ने श्रद्धा से मनाई राधाष्टमी



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** श्री गहोई वैश्य समाज द्वारा शनिवार को फतेहगढ़ स्थित श्री राधा-कृष्ण कंठाली मंदिर में राधाजी का प्राकट्योत्सव राधाष्टमी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे राधे-राधे संकीर्तन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। इसके बाद भगवान श्रीराधाकृष्ण की प्रतिमाओं का अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया।

दोपहर 12 बजे राधारानी की महाआरती की गई। इसके बाद महिला मंडल की सदस्यों ने जन्मोत्सव के बधाई गीत प्रस्तुत किए। समाज के बच्चों ने राधाजी के स्वरूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों को समाज पंचायत की ओर से विशेष पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। समाज अध्यक्ष तनुज कुदरिया और मंत्री अखिल रेजा ने बताया कि आयोजन में समाज के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष भगवान दास बिलैया, दिनेश नोगरैया, कुबेरचंद्र रेजा, प्रकाश कुचिया, रमेशचंद्र लोहिया, जीवन दास सिजारिया, नरेश नोगरैया, प्रवीण खांगट, दिनेश सेठ और भारत नोगरैया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। महिलाओं में सुनीता सिरोल्या, अर्चना पिपरसानिया, रुचि बड़ेरिया, नंदिनी नोगरैया, ऊषा गेडा, सेफाली सिजारिया, विद्या बड़ेरिया और संध्या ब्रजपुरिया मौजूद रहीं।

## उज्जैन में तीन दिवसीय युवा धर्म संसद-2026 का समापन

# युवा धर्म संसद से धर्म के वास्तविक महत्व को समझने की प्रेरणा मिली : डॉ. यादव



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में हर काल में वैचारिक मंथन का विशेष महत्व रहा है। उज्जैन भारत की सात पवित्र नगरियों में से एक है। यह बाबा महाकाल की नगरी है और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा का प्रमुख केंद्र रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को उज्जैन के गीता भवन सभागार में 17 से 19 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय युवा धर्म संसद-2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### भगवान श्रीराम के जीवन से सीख

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि विश्वामित्र दूरदृष्टि रखते थे। उन्होंने भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ जंगल में ले जाकर आसुरी शक्तियों के विनाश के माध्यम से धर्म की रक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। भगवान श्रीराम के जीवन से सीख मिलती है कि बिना कष्ट के सफलता नहीं मिलती। कठिनाइयों के बीच हिम्मत और आत्मविश्वास से विजय प्राप्त की जा सकती है।

### युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने पर जोर

मुख्यमंत्री ने राधाष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए राधाजी और श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का उल्लेख किया। कठिन समय में मित्र की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। समापन समारोह में मिथलेशशरण नंदिनी महाराज ने कहा कि कृतज्ञता मनुष्य का गुण है। युवाओं को धर्म, संस्कृति, देश और समाज की सेवा का मार्ग दिखाने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

### धर्म का उद्देश्य समझने की प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा धर्म संसद के माध्यम से धर्म के मर्म और उसके वास्तविक उद्देश्य को समझने की प्रेरणा मिलती है। हमारी संस्कृति यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे के भाव पर आधारित है। धर्म का आधार सत्य, करुणा और अनुशासन है। संत परंपरा जीवन के रहस्यों से परिचित कराती है और समाज की विसंगतियों से बचने के लिए सचेत करती है। धर्म हमें विषय आसक्ति से अनासक्ति और मोक्ष की ओर बढ़ने का मार्ग दिखाता है।

### किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक और जैविक खेती को दिया जाएगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर आधुनिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही दुग्ध उत्पादन और पशुपालन को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सतना कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सतना बेल्ट में सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी नहरों के माध्यम से लाया जाएगा, जिससे सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना से मंदाकिनी नदी में भी पानी पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सतना क्षेत्र में हल्दी का उत्पादन अधिक होता है। क्षेत्र की कृषि क्षमता को देखते हुए मसाला फसलों की खेती को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने प्रगतिशील किसानों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने किसानों से कृषि के साथ पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय और जैविक खेती से जुड़ने का आह्वान किया।

# कोलार तहसील कार्यालय के पास गड्ढों को लेकर कांग्रेस ने उठाए सवाल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम भोपाल के कोलार क्षेत्र में सड़क पर बने गड्ढों को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। कोलार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने कोलार तहसील कार्यालय के पास सड़क की तस्वीरें जारी कर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया।

राहुल सिंह राठौड़ ने कहा कि कोलार तहसील कार्यालय जाने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ जमा हो गया है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का कोलार जोन कार्यालय तहसील कार्यालय के पास ही स्थित है, इसके बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोलार तहसील कार्यालय में एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी बैठते हैं और नगर निगम कार्यालय में भी अधिकारी मौजूद रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क के गड्ढों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब तहसील कार्यालय के पास सड़क की यह स्थिति है तो क्षेत्र की अन्य कॉलोनियों में सड़कों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने सड़क की मरम्मत और गड्ढों को भरने की मांग की है।

# गरीब परिवारों को हर माह निःशुल्क खाद्यान

**नप्र, भोपाल :** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत श्योपुर जिले में 1 लाख 29 हजार 836 परिवारों को हर माह निशुल्क खाद्यान उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले की 274 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को खाद्यान का वितरण किया जाता है। पीओएस मशीन और बायोमेट्रिक पहचान के माध्यम से वितरण की व्यवस्था की गई है। अंत्योदय योजना की हितग्राही पाण्डोला निवासी बुजुर्ग महिला भरोसी बाई बैरवा को हर माह 30 किलो गेहूं और पांच किलो चावल मिलते हैं। उन्होंने बताया कि योजना से उनके परिवार को आर्थिक सहारा मिल रहा है।

# कलेक्टर के नाम से बनाई फर्जी फेसबुक आईडी, प्रशासन ने किया अलर्ट

**नप्र, भोपाल :** भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाए जाने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन के आधिकारिक अकाउंट से इसकी जानकारी साझा करते हुए लोगों को सतर्क किया गया है। प्रशासन ने कहा है कि फर्जी प्रोफाइल को न तो फॉलो या सब्सक्राइब करें और न ही उससे प्राप्त किसी संदेश का जवाब दें। फर्जी फेसबुक प्रोफाइल 'प्रियंक मिश्रा आईएस' नाम से बनाई गई है। इसमें कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के साथ एडीएम सुमित पांडेय और जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी की तस्वीर भी लगी है। जिला प्रशासन के आधिकारिक अकाउंट से जारी संदेश में इसे फर्जी प्रोफाइल बताते हुए तुरंत रिपोर्ट और ब्लॉक करने की अपील की गई है।

भोपाल के पूर्व कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के नाम से भी करीब दो वर्ष पहले फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठगी का मामला सामने आया था। ठगों ने कलेक्टर की फोटो का इस्तेमाल कर लोगों से संबल योजना की राशि डालने के नाम पर तीन हजार से 10 हजार रुपये तक की मांग की थी। फंदा जनपद क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा राशि ट्रांसफर किए जाने की जानकारी भी सामने आई थी। इधर, वल्लभ भवन के आसपास नगर निगम ने रात में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

# ट्रक चालक ने लगाई फांसी, झांकियां देखकर घर लौटा परिवार तो मिला शव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शुक्रवार रात नेहरू नगर में एक परिवार झांकियां देखकर घर लौटा तो घर के अंदर 37 वर्षीय ट्रक चालक राहुल सोनेरे का शव फंदे पर लटका मिला। पत्नी और तीन बेटियां झांकियां देखने के लिए घर से बाहर गई थीं। परिवार के लौटने पर राहुल को इस हालत में देखकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। कमला नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस के अनुसार राहुल सोनेरे नेहरू नगर पेट्रोल पंप के पास बस्ती में पत्नी और तीन बेटियों के साथ रहता था। वह ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार रात पत्नी और बेटियां झांकियां देखने के लिए घर से बाहर गई थीं। इस दौरान राहुल घर पर अकेला था। परिवार के वापस लौटने पर वह घर के अंदर फंदे पर लटका मिला।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसके कारण राहुल ने यह कदम क्यों उठाया, इसका तत्काल पता नहीं चल सका है। कमला नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज कर रही है। साथ ही राहुल के हाल के दिनों के व्यवहार और उसकी पारिवारिक एवं व्यक्तिगत परिस्थितियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि राहुल किसी तनाव या परेशानी में तो नहीं था। अधिकारियों के अनुसार परिजनों के विस्तृत बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# बिजली कंपनियों में 49 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा पर अमल नहीं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और जनता यूनियन के उपाध्यक्ष नरेंद्र भदौरिया ने बिजली कंपनियों में 49 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की घोषणा के बावजूद अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 25 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री मोहन यादव और तत्कालीन अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग ने छह बिजली कंपनियों में रिक्त पदों पर भर्ती की सार्वजनिक घोषणा की थी। एक वर्ष बाद भी भर्ती का विज्ञापन जारी नहीं हुआ है और न ही समयबद्ध योजना बनाई गई है। मनोज भार्गव के अनुसार, पद बढ़ाने के बजाय पूर्व, पश्चिम और मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनियों के नए संगठनात्मक ढांचे में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के करीब 23 हजार पद समाप्त कर दिए गए हैं। इनमें सुरक्षा सैनिक, दफ्तरी, चपरासी और सफाईकर्मी जैसे पद शामिल हैं। उनका कहना है कि इससे अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार कर रहे परिवारों के सामने संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनियों में नियमित पदों की कमी से संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याएं भी बढ़ रही हैं। संगठन के अनुसार, प्रदेश में करीब 45 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं। भार्गव ने कहा कि पिछले दो दशकों में बिजली उपभोक्ताओं, वितरण और पावर ट्रांसफार्मरों की संख्या बढ़ी है, जिससे बिलिंग, वसूली, वितरण और रखरखाव का काम बढ़ा है। इसके बावजूद नियमित भर्ती नहीं होने से बिजली कंपनियां कर्मचारियों की कमी से जूझ रही हैं।

# 11 महाविद्यालयों का लघु उद्योग भारती से एमओयू




### छह माह की कार्ययोजना पर जोर

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव ने कहा कि एमओयू केवल कागजी दस्तावेज बनकर न रह जाए, बल्कि इसका वास्तविक लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने आगामी छह माह की ठोस कार्ययोजना तैयार कर उद्योग, कौशल और रोजगार से जुड़ी गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया। लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ वास्तविक उद्योग, उत्पादन प्रक्रिया, व्यवसाय प्रबंधन और उद्यमिता से जोड़ने की आवश्यकता बताई।

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने और रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लघु उद्योग भारती ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध 11 महाविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया।

कार्यक्रम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किला भवन, इंदौर में आयोजित हुआ। एमओयू के तहत विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, रोजगार, कौशल विकास, स्टार्टअप, प्रशिक्षण और उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद के अवसर मिलेंगे।

इसके साथ ही इंडस्ट्री विजिट, विशेषज्ञ व्याख्यान, लाइव प्रोजेक्ट, प्लेसमेंट, शोध, इनक्यूबेशन और उद्योग आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, ऑटोमेशन, इंडस्ट्री 4.0, सस्टेनेबिलिटी, सर्कुलर इकोनॉमी और वेस्ट-टू-वेल्थ जैसे क्षेत्रों में नवाचार को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।


**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) फिफराड़ , (पंजीयन क्रं 785)**

क्र./साधारण सभा/21/क्यू /1 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक 11.09.2026

**महानुभाव,**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) फिफराड के अंशधारी सदस्यो कि वार्षिक साधाराण आम सभा दिनांक 25-09-2026 दिन शुकवार को दोप. 12 बजे स्थान संस्था कार्यालय में निम्नलिखित विषयो पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई हैं। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

निर्धारित समय पर गणपूर्ति नही होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात किया जावेंगा जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नही होगी।

**अमित अलावे** प्रशासक | **जसवंत राठौड़** प्रबंधक

**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) दुगवाड़ा, (पंजीयन क्रं 512)**

क्र./साधारण सभा/21/क्यू /1 **वार्षिक साधारण सभा सूचना** दिनांक 11.09.2026

**महानुभाव,**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) दुगवाड़ा के अंशधारी सदस्यो कि वार्षिक साधाराण आम सभा दिनांक 26.09.2026 दिन शनिवार को सुबह: 10 :30 बजे स्थान संस्था कार्यालय में निम्नलिखित विषयो पर विचार कर निर्णय हेतु आयोजित की गई हैं। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं।

निर्धारित समय पर गणपूर्ति नहीं होने की दशा में व्यापक सम्मेलन को स्थगित कर दिया जायेगा। स्थगित सम्मेलन उसी स्थान पर आधे घण्टे पश्चात किया जावेंगा जिसमें गणपूर्ती आवश्यक नहीं होगी।

**अमित अलावे** प्रशासक | **घन्नालाल पटेल** प्रबंधक

**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**सूचना**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नई दिल्ली में अध्यक्ष के मौजूदा रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. पात्रता मानदंड, आयु, वेतन एवं अन्य भत्ते आदि तथा अन्य विवरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट https://wcd.gov.in पर देखे जा सकते हैं। जो व्यक्ति अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं और इस पद के लिए आवेदन करने के इच्छुक हैं, वे समाचार-पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 28 दिनों के भीतर ncpcrvacancies.wcd.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

3. जो व्यक्ति केंद्र/राज्य सरकार में या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित किसी अन्य संगठन में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

**ए. के. सिंह**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

CBC 46101/11/0014/2627

**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**सूचना**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नई दिल्ली में सदस्यों के मौजूदा छह (06) रिक्त पदों को निम्नलिखित क्षेत्रों में भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, अर्थात

I बाल शिक्षा
ii बाल स्वास्थ्य, देखभाल, कल्याण या बाल विकास
iii किशोर न्याय/ उपेक्षित या वंचित वर्ग के बच्चों/दिव्यांग बच्चों की देखभाल
iv बाल श्रम उन्मूलन या संकटग्रस्त बच्चों से संबंधित कार्य
v बाल मनोविज्ञान या समाजशास्त्र
vi बच्चों से संबंधित कानून

2. पात्रता मानदंड, आयु, वेतन एवं अन्य भत्ते आदि तथा अन्य विवरण महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की वेबसाइट https://wcd.gov.in पर देखे जा सकते हैं। जो व्यक्ति सदस्य के पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं और आवेदन करने के इच्छुक हैं, वे समाचार पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 28 दिनों के भीतर ncpcrvacancies.wcd.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

3. जो व्यक्ति केंद्र/राज्य सरकार में या केंद्र/राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित किसी अन्य संगठन में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें।

**ए. के. सिंह**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

CBC 46101/11/0015/2627